सुविचार

सफलता के लिए किसी भी बुरे समय का इंतजार मत करो, बल्कि अपने सभी समय को ही खास बना लो।

# दैनिक पंचकूला ऑब्जर्वर




सच के साथ, समाज के साथ

वर्ष : 1 | अंक : 23 | पंचकूला। शुक्रवार, 27 फरवरी 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4


## एक नजर

### पाकिस्तान को आईएमएफ से मिले कर्ज से ज्यादा जम्मू-कश्मीर का विकास बजट

संयुक्त राष्ट्र, 26 फरवरी। भारतीय डिप्लोमैट अनुपमा सिंह ने पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग में जोरदार लताड़ लगाई। उन्होंने तंज भरे लहजे में कहा कि पाकिस्तान सपनों की दुनिया में है। हमारे जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए बजट पाकिस्तान के अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष बेलआउट से भी बड़ा है। ऐसा पहली बार नहीं है जब वैश्विक मंचों पर पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर को लेकर अपने राग अलाप रहा हो। अक्सर पाकिस्तान एक ही मुद्दे को लेकर भारत पर निशाना साधने की कोशिश करता है। ताजा मामले में जब पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर का राग अलापा, तो यूएन के मंच पर भारतीय राजनयिक अनुपमा सिंह ने जमकर क्लास लगाई। पाकिस्तान को जवाब देते हुए अनुपमा सिंह ने कहा, भारत, पाकिस्तान और ओआईसी की हाई-लेवल मीटिंग में भारत के बारे में कही गई बातों के जवाब में अपने जवाब देने के अधिकार का इस्तेमाल करने के लिए मजबूर है। हम इन आरोपों को पूरी तरह से खारिज करते हैं। ओआईसी, पाकिस्तान के प्रोपेगेंडा को दोहराकर, सिर्फ यह दिखाता है कि उसने खुद को एक सदस्य के कब्जे में कितना गहराई से आने दिया है।

# हरियाणा के 12 जिलों में अपग्रेड होंगे जिला अस्पताल : सीएम

## कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में पीपीपी मोड पर बनेगी कैथ लैब, प्रदेश में एक करोड़ 38 लाख आयुष्मान कार्ड धारक

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जिला स्तर के अस्पतालों को सीटी स्कैन, एमआरआई, डिजिटल एक्सरे इत्यादि सभी सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। ऐसे 10 अस्पतालों को जनता को समर्पित किया जा चुका है। अन्य अपस्तालों को भी अपग्रेड किया जा रहा है। मुख्यमंत्री गुरुवार को हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में प्रश्नकाल के दौरान बोल रहे थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार द्वारा जिला स्तर के अस्पतालों को अपग्रेड करने का कार्य तेज गति से किया जा रहा है।

इससे पहले करनाल के विधायक जगमोहन आनंद के सवाल का जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि कल्पना चावला सरकारी मेडिकल कॉलेज करनाल (केसीजीएमसी) में पीपीपी मोड पर कैथ लैब स्थापित की जाएगी। इसके अलावा , पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, कुटैल में कैंसर विज्ञान विभाग स्थापित किया जाएगा। आरती सिंह राव ने बताया कि करनाल के केसीजीएमसी में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से कार्डियो-थोरेसिक सर्जरी सुविधा सहित सुपर स्पेशियलिटी इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी की सेवाएं शुरू की जाएंगी, इसके लिए निविदा आमंत्रण करने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों में पीपीपी मोड पर कैथ लैब स्थापित करने के लिए संयुक्त आरएफपी ( रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल) किया है। कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला के सवाल के जवाब पर आरती राव ने कहा कि आयुष्मान योजना के तहत लगभग 2694 उपचार पैकेज उपलब्ध हैं। आरती सिंह राव ने बताया कि 20 फरवरी 2026 तक प्रदेश में कुल सक्रिय कार्डों की संख्या एक करोड़ 38 लाख 47 हजार 905 है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत-चिरायु हरियाणा योजना के तहत जनवरी 2024, अक्टूबर 2024 और जनवरी 2026 के दौरान कुल 2694 उपचार-पैकेज उपलब्ध रहे हैं। इसके अतिरिक्त, उपयुक्त उपचार पैकेजों में शामिल न होने वाले उपचार-पैकेजों को सूचीबद्ध अस्पतालों द्वारा अनिर्दिष्ट (अनस्पेसिफाइड) श्रेणी के तहत बुक किया जाता है।

## अवैध कॉलोनियों पर लगेगी लगाम

### विधानसभा में सीएम का संकेत बजट में बताएंगे रोडमैप

हरियाणा सरकार प्रदेश के 12 शहरों में नए सेक्टरों का निर्माण करेगी। मुख्यमंत्री नायब सैनी जल्द इस बारे में विस्तृत योजना का ऐलान करेंगे। हरियाणा विधानसभा में मुख्यमंत्री नायब सैनी के हवाले से कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

प्रश्नकाल के दौरान समालखा के विधायक मनमोहन भड़ाना ने समालखा में नए सेक्टरों को विकसित करने की योजना के बारे में सरकार से पूछा। इसके जवाब में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि समालखा में तीन नए सेक्टर बसाने की योजना पर विचार किया जा रहा है। सेक्टर एक, दो और चार में लगभग 498 एक? खाली जमीन मालिकों की सहमति से ई-भूमि पोर्टल के जरिए खरीदी जाएगी। इस पर कैबिनेट मंत्री बेदी ने बताया कि हरियाणा सरकार प्रदेश के एक दर्जन शहरों में नए सेक्टरों की स्थापना की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए 40 हजार एकड़ जमीन चिन्हित की गई है। कांग्रेस विधायक अशोक अरोड़ा ने सरकार की इस घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि इसका विस्तार किया जाए और अधिक से अधिक लोगों को बिल्डरों के चंगुल से बचाया जाए। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अपनी सीट से संकेत दिए कि प्रदेश के विकास हेतु योजना तैयार हो चुकी है। दो दिन इसका विस्तार पूरे प्रदेश के सामने रखा जाएगा।

## इधर, कांग्रेस ने सदन से किया फिर वॉकआउट, जी रामजी योजना पर हंगामा

हरियाणा विधानसभा बजट सत्र के पांचवें दिन गवर्नर एड्रेस पर चर्चा के दौरान सदन में जबरदस्त हंगामा देखने को मिला। बीजेपी विधायक राम निवास कश्यप द्वारा प्रस्तुत जी रामजी योजना पर प्रस्ताव पर कांग्रेस विधायक बीबी बत्रा ने आपत्ति जताई। बत्रा ने कहा कि इस प्रस्ताव पर चर्चा करना सदन के नियमों के खिलाफ है। विधायक गीता भुक्कल ने कहा कि लोकसभा में पास कानून के बाद सदन में इस पर संकल्प क्यों लिया जा रहा है। इस पर स्पीकर हरविंद्र कल्याण और बत्रा के बीच तीखी बहस हुई। बत्रा ने जोर देकर कहा, 卐ये नियमों के खिलाफ है और नहीं आ सकता।卐 बहस के बाद कांग्रेस विधायकों ने नारेबाजी करते हुए सदन से वॉकआउट किया। इसके तुरंत बाद स्पीकर ने आईएनएलडी के एमएलए आदित्य देवी लाल को सीट नंबर 74 अलॉट की।

### जी रामजी योजना के तहत अब मजदूरों को 125 दिन का काम मिलेगा

मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि जी रामजी योजना श्रमिकों और किसानों के अधिकारों को सुरक्षित करेगी। हरियाणा में 65 फीसदी से अधिक महिलाओं और 50 फीसदी से अधिक अनुसूचित जाति के श्रमिकों को इस योजना का लाभ मिला है।

# एचपीएससी असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा में 43वां रैंक हासिल कर गुरदास को ज्ञानचंद गुप्ता ने दी बधाई

पंचकूला ऑब्जर्वर



**पंचकूला।** बरवाला खंड के गांव सुल्तानपुर के युवा गुरदास पुत्र श्री ओम प्रकाश ने हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) द्वारा आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा में 43वां रैंक प्राप्त कर अपने गांव व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे गांव में खुशी का माहौल है।

गुरदास की इस सफलता पर बधाई देने के लिए हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता स्वयं उनके निवास स्थान पर पहुंचे। उन्होंने गुरदास को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवा पीढ़ी की ऐसी उपलब्धियां समाज के लिए प्रेरणादायक हैं और इससे अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि हरियाणा सरकार में बिना पर्ची बिना खर्ची नौकरियां मिल रही हैं।

इस अवसर पर गांव सुल्तानपुर के पूर्व सरपंच मांगेराम, सरपंच परमजीत राणा, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र संधू, बरवाला मार्केट कमेटी के सदस्य गुरप्रीत सिंह, कर्म सिंह, संजू, गुरचरण, ओम प्रकाश सहित गांव के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने गुरदास को फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गुरदास की इस उपलब्धि से परिवार व गांव में गर्व का माहौल है। ग्रामीणों ने आशा व्यक्त की कि वह भविष्य में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देकर समाज का मार्गदर्शन करेंगे।



# वंश शर्मा को जेईई पास करने पर एमपी ने दी शुभकामनाएं

**पंचकूला।** रायपुररानी स्कूल के विद्यार्थी वंश शर्मा, पुत्र मोहित कुमार शर्मा, ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) में 99.7 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

वंश की इस उल्लेखनीय उपलब्धि की खास बात यह है कि उन्होंने बिना किसी कोचिंग या ट्यूशन के केवल अपनी मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर यह मुकाम हासिल किया। इस उपलब्धि पर जागृत ब्राह्मण सभा के पूर्व अध्यक्ष एमपी शर्मा ने वंश शर्मा को सम्मानित किया। इस अवसर पर आर.एन. शर्मा, मुकंद बख्शी, पंकज शर्मा, प्रिंस शर्मा एवं मुकेश शर्मा ने वंश के घर पहुंचकर उसे प्रोत्साहित किया और परिवार को बधाई दी। उन्होंने वंश के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उसकी सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी। वंश शर्मा की यह उपलब्धि न केवल उसके परिवार, बल्कि पूरे रायपुररानी क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

# कथा के चौथे दिन मैना विवाह तथा शिव-पार्वती विवाह का भावपूर्ण वर्णन किया

पंचकूला ऑब्जर्वर



**पंचकूला।** सेक्टर-12ए स्थित हरि हर मन्दिर में चल रही कथा के चौथे दिन कथा व्यास पंडित गणेशानंद मिश्रा जी ने श्रद्धालुओं को मैना विवाह तथा शिव-पार्वती विवाह का भावपूर्ण वर्णन सुनाया।

शिव विवाह प्रसंग का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि जब भगवान शिव बारात लेकर हिमाचल राज के द्वार पर पहुंचे, तो माता मैना ने शिव के विकराल रूप को देखकर भयवश मूर्छित होकर गिर पड़ीं। इस स्थिति में बारात को द्वार पर ही छोड?र सभी अंदर चले गए और महादेव बारात सहित बाहर ही खड़े रहे।

पंडित जी ने इस प्रसंग के माध्यम से समझाया कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी नकारात्मक क्यों न हों, यदि हमारी सोच सकारात्मक है तो अंतत॰ परिणाम भी सकारात्मक ही होता है। भगवान शिव ने भी उस नकारात्मक प्रतीत होने वाली स्थिति में धैर्य और संतुलन बनाए रखा, और अंतत॰ उनका विधिवत स्वागत हुआ। कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को यह संदेश दिया गया कि जीवन में धैर्य, सकारात्मक सोच और विश्वास बनाए रखना ही सफलता और सम्मान का मार्ग प्रशस्त करता है।



## आस्था के रंगों में डूबा ब्रज...

***बरसाना।** रंग-गुलाल और खुशियों से भरे होली का त्योहार अब बहुत नजदीक है, जिसको लेकर देशभर में तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। यूं तो होली पूरी दुनिया में मनाई जाती है, लेकिन ब्रज की होली की बात ही अलग है। ब्रज में होली का खुमार बसंत पंचमी से शुरू हो जाता है और लगभग 40 दिनों तक चलता है। ब्रज की होली सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि ये भक्ति, परंपरा और उत्सव से भरी एक महाउत्सव है, जिसे देखने हर साल देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु और पर्यटक आते हैं। 26 फरवरी को बरसाना और नंदगांव में विश्व प्रसिद्ध लट्ठमार होली खेली जाएगी। भारत में होली सबसे यादा धूमधाम से उत्तर प्रदेश के मथुरा-वृंदावन के मंदिरों में मनाई जाती है, जिसे ब्रज की होली भी कहा जाता है। यहां बरसाना के श्री लाडली जी महाराज मंदिर की लट्ठमार और लड्डूमार होली, वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर की फूलों की होली और मथुरा के द्वारकाधीश मंदिर की पारंपरिक रूप से रंग-गुलाल से मनाई जाने वाली होली सबसे प्रमुख है।*

# सेक्टर-21 में 1 मार्च को भव्य हिंदू सम्मेलन, कल निकलेगी कलश यात्रा

पंचकूला ऑब्जर्वर



**पंचकूला।** सेक्टर-21 में 1 मार्च को हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों के शामिल होने की संभावना है।

आयोजन समिति के सदस्य विपिन लिड्डू, नीरज पाराशर, निर्मल चंद धीमान, रणजीत सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि सम्मेलन को लेकर क्षेत्रवासियों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि सम्मेलन से एक दिन पूर्व 28 फरवरी को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। इस कलश यात्रा में लगभग 500 लोगों के शामिल होने की संभावना है। यात्रा के दौरान चार घोड़े सबसे आगे चलेंगे तथा बैंड-बाजे के साथ श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ यात्रा में भाग लेंगे। विपिन लिड्डू ने बताया कि कलश यात्रा सेक्टर-21 स्थित शिव मंदिर से प्रारंभ होकर सेक्टर के विभिन्न मार्गों से गुजरेगी। यात्रा के दौरान अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने का प्रयास किया जाएगा और सनातन धर्म के प्रति जागरूकता का संदेश दिया जाएगा।

विपिन लिड्?डू ने कहा कि वर्तमान समय में सनातन संस्कृति और मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे बढ़-चढ़कर कलश यात्रा और हिंदू सम्मेलन में भाग लें और आयोजन को सफल बनाएं। अलका जोशी, रेणुका शर्मा, वंदना गर्ग, निशा सैनी, ध्यान चंद अवॉर्डी ओम प्रकाश, सुभाष बंसल, विनय अरोड़ा, दिलबाग सिंह, अशोक नारंग, संजीव दुग्गल, डा. पुनीत रावल, विजय पसरीजा, निर्मल चंद धीमान, रणजीत सिंह, दीपक कुमार, संजय शर्मा, जयपाल गर्ग सहित बड़ी संख्या में वार्ड नंबर 13 के लोग उपस्थित रहे।

# अरविनकेयर फाउंडेशन ने शिशु गृह के बच्चों को सामान वितरित किया



**पंचकूला।** अरविनकेयर फाउंडेशन की ओर से शिशु गृह सेक्टर 15 के बच्चों को खाने-पीने एवं जरुरत का सामान वितरित किया गया। फाउंडेशन के संस्थापक अतुल गर्ग ने अपनी पोती काश्वी का जन्मदिन शिशु गृह के बेसहारा के साथ मनाया।

काश्वी ने बच्चों के साथ केक काटा और सभी को वितरित किया। इससे पहले उन्हें गौशाला में जाकर गायों को चारा खिलाया। अतुल गर्ग ने कहा कि हमें अपने बच्चों में बचपन से संस्कार भरने चाहिए। पाश्चात्य संस्कृति से हटकर यदि बच्चों को बचपन से ही भारतीय संस्कृति की तरफ से ले जाएंगे, तो देश का भविष्य सुरक्षित रहेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वह शिशु गृह के बच्चों के साथ अपनी खुशियां बांटे, ताकि उन्हें अकेलापन ना महसूस हो।

दोस्ती

### भारत जल्द इजराइल के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट करेगा

# इजराइल में भी चलेगा भारतीय यूपीआई, दोनों देशों की बैठक में समझौता

पंचकूला ऑब्जर्वर

**यरूशलम।** पीएम मोदी के इजराइल दौरे का आज दूसरा दिन है। इजराइल में भी अब भारत का UPI पेमेंट सिस्टम चलेगा, इसे लेकर मोदी और इजराइली पीएम नेतन्याहू द्विपक्षीय मीटिंग में समझौता हुआ है।पीएम नेतन्याहू के साथ जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में मोदी ने कहा कि भारत जल्द इजराइल के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट करेगा। उन्होंने कहा कि इजराइल आना मेरे लिए गर्व की बात है। पीएम मोदी आज सुबह सबसे पहले यरूशलम के होलोकॉस्ट मेमोरियल 'याद वाशेम' पहुंचे। यहां उन्होंने हिटलर के नाजी शासन में मारे गए 60 लाख यहूदियों को श्रद्धांजलि दी।



इसके बाद मोदी इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग से मिले। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान इसाक ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ी है, जो पूरी दुनिया का ध्यान खींच रही है। वहीं, पीएम मोदी ने इजराइली राष्ट्रपति को भारत आने का न्योता दिया। मोदी बुधवार को दो दिन के इजराइल दौरे पर पहुंचे थे। नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा ने एयरपोर्ट पर मोदी को रिसीव किया था। इसके बाद पीएम मोदी ने इजराइली संसद नेसेट को भी संबोधित किया। उन्हें संसद का सर्वोच्च सम्मान 'स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल' दिया गया। मोदी नेसेट को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तेल अवीव की यात्रा के बाद भारत-इजरायल के द्विपक्षीय संबंध रणनीतिक साझेदारी के उच्च स्तर पर है। इजरायल ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने सर्वोच्च सम्मान से नवाजा है तो किसी भारतीय प्रधानमंत्री को पहली बार इजरायल की संसद नेसेट में संबोधन का अवसर मिला।

### ... 2006 में हुई इजरायल के साथ मजबूत साझेदारी

मोदी स्टोरी में कहा गया है कि भारत की इजरायल के साथ मजबूत साझेदारी की शुरुआत साल 2006 में हुई, जब नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे। उनका यह जुड़ाव स्पष्ट रूप से विकास के उद्देश्य से था। वे समझना चाहते थे कि पानी की कमी वाले देश ने इनोवेशन, टेक्नोलॉजी और साइंटिफिक वॉटर मैनेजमेंट के जरिए खेती में कैसे सफलता हासिल की। इसमें कहा गया है, एग्रीटेक की अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने एडवांस्ड सिंचाई सिस्टम, ग्रीनहाउस खेती, वेस्टवॉटर रीसाइक्लिंग, डेयरी डेवलपमेंट और हाई-वैल्यू एग्रीकल्चर का अध्ययन किया। गुजरात और इजरायल के बीच समानताओं को पहचानते हुए उन्होंने गुजरात में पानी की दक्षता को मजबूत करने और किसानों की उत्पादकता को बेहतर बनाने के लिए समाधान ढूंढे।

## सुप्रीम कोर्ट ने झूठे मामलों में अंकुश लगाने के लिए याचिका पर केंद्र और राज्यों से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जनहित याचिका (पीआईएल) पर नोटिस जारी किया, जिसमें केंद्र सरकार और सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को पुलिस स्टेशनों और सार्वजनिक कार्यालयों में डिस्प्ले बोर्ड लगाने के निर्देश देने की मांग की गई है, जिसमें झूठी शिकायतें, मनगढ़ंत आरोप और झूठे सबूत दाखिल करने के दंडात्मक परिणामों को उजागर किया गया हो।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और विपुल एम. पंचोली की पीठ ने दलीलों को सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने टिप्पणी की कि बंधुत्व का संवैधानिक सिद्धांत सामाजिक आचरण का मार्गदर्शन करना चाहिए और चेतावनी दी कि झूठे मामलों के माध्यम से आपराधिक कानून का दुरुपयोग निर्दोष नागरिकों के लिए गंभीर परिणाम ला सकता है।

### मंडी गोबिंदगढ़ में 300 करोड़ का कारगिल डेयरी फीड प्लांट शुरू

# दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा संयंत्र: संजीव अरोड़ा

पंचकूला ऑब्ज़र्वर



**चंडीगढ़।** औद्योगिक विकास और निवेश सुविधा के प्रति पंजाब सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, उद्योग एवं वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन, ऊर्जा एवं स्थानीय निकाय मंत्री श्री संजीव अरोड़ा ने आज इंडस्ट्रियल पार्क, वज़ीराबाद (मंडी गोबिंदगढ़) में 300 करोड़ की लागत से स्थापित कारगिल प्राइवेट लिमिटेड के नए डेयरी फीड प्लांट का उद्घाटन किया।

सभा को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि माननीय राष्ट्रीय संयोजक श्री अरविंद केजरीवाल जी तथा माननीय मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के दूरदर्शी नेतृत्व में ÷इन्वेस्ट पंजाब÷ पहल के माध्यम से राज्य में बड़े पैमाने पर औद्योगिक निवेश आ रहे हैं। इन निवेशों से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं और राज्य के समग्र आर्थिक विकास को गति मिल रही है।

उन्होंने कहा कि बढ़ता निवेशक विश्वास इस बात का संकेत है कि पंजाब विशेष रूप से कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों में निवेश के लिए पसंदीदा गंतव्य बन रहा है। राज्य सरकार प्रगतिशील नीतियों और शांतिपूर्ण औद्योगिक वातावरण के माध्यम से व्यवसाय-अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र सुनिश्चित करने तथा हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

15 एकड़ में फैला यह संयंत्र 4.5 लाख मीट्रिक टन वार्षिक उत्पादन क्षमता रखता है और दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा डेयरी फीड प्लांट है। बठिंडा के बाद पंजाब में कारगिल की यह दूसरी प्रमुख इकाई है, जिससे राज्य की कृषि-औद्योगिक मूल्य श्रृंखला और सुदृढ़ होगी। कारगिल प्रबंधन ने संयंत्र की स्थापना में कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा के अथक प्रयासों की सराहना की।

मंत्री ने कहा कि यह संयंत्र डेयरी किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा क्योंकि उच्च गुणवत्ता वाला पशु आहार स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होगा, जिससे दूध उत्पादन, गुणवत्ता और किसानों की आय में वृद्धि होगी। वैज्ञानिक रूप से विकसित यह फीड पशुओं के स्वास्थ्य और उत्पादकता को बेहतर बनाएगा तथा पंजाब के डेयरी क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जिस प्रकार पंजाब को देश का अन्न भंडार कहा जाता है, उसी प्रकार वह शीघ्र ही अन्य राज्यों को दूध आपूर्ति करने वाला अग्रणी राज्य भी बनेगा।

मीडिया से बातचीत में मंत्री ने बताया कि 13 से 15 मार्च तक मोहाली में आयोजित होने वाला ÷प्रोग्रेसिव पंजाब इन्वेस्टर्स समिट 2026÷ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय निवेशकों की बड़ी भागीदारी आकर्षित करेगा। उन्होंने दोहराया कि सरकार पंजाब को देश के शीर्ष औद्योगिक राज्यों में स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि पंजाब में उद्योग निरंतर प्रगति कर रहा है और उद्योगपतियों ने राज्य की सक्रिय एवं प्रगतिशील नीतियों पर संतोष व्यक्त किया है।

### चॉकबोर्ड से स्मार्ट क्लासरूम तक

# मान सरकार की 'पंजाब शिक्षा क्रांति' से स्कूलों में डिजिटल बदलाव: बैंस

- पंजाब के 5,000 सरकारी स्कूलों में 400 करोड़ का डिजिटलीकरण प्रोजेक्ट, 3,700 स्कूलों में लगेंगे इंटरएक्टिव फ्लैट पैनल

पंचकूला ऑब्ज़र्वर

**चंडीगढ़।** पंजाब के शैक्षिक इतिहास में सबसे बड़े तकनीकी सुधारों में से एक की दिशा में कदम बढ़ाते हुए पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने आज पंजाब शिक्षा क्रांति के तहत 400 करोड़ रुपये के व्यापक डिजिटलीकरण प्रोजेक्ट की घोषणा की। उन्होंने कहा कि भगवंत मान सरकार द्वारा एक अभूतपूर्व परिवर्तन की शुरुआत की गई है, जो सरकारी स्कूलों को अत्याधुनिक तकनीक से लैस करने के साथ-साथ पूरे राज्य में कक्षा शिक्षण को मूल रूप से नया स्वरूप प्रदान करेगी।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने इस पहल को पंजाब के शिक्षा क्षेत्र में एक परिवर्तनकारी मील का पत्थर करार दिया। उन्होंने कहा, ÷यह एक ऐतिहासिक पहल है। पंजाब के सरकारी स्कूलों के इतिहास में पहले कभी भी इतने बड़े स्तर पर डिजिटल बुनियादी ढांचा प्रस्तुत नहीं किया गया। पंजाब शिक्षा क्रांति के तहत हमने पहले कक्षाओं को मजबूत किया और सीखने के परिणामों में सुधार किया। अब हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि प्रत्येक बच्चे की आधुनिक डिजिटल साधनों तक आसान पहुंच हो। हमारे विद्यार्थियों को केवल आज के लिए ही नहीं, बल्कि भविष्य के लिए भी तैयार होना चाहिए।

यहां पंजाब भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि इस पहल के तहत पुराने हार्डवेयर और कंप्यूटरों को बदला जा रहा है और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हाई स्कूल और मिडिल स्कूल नवीनतम डिजिटल बुनियादी ढांचे से सुसज्जित हों। इस ऐतिहासिक पहल के बारे में जानकारी साझा करते हुए श्री हरजोत सिंह बैंस ने कहा, 5,012 सरकारी स्कूलों को नवीनतम सॉफ्टवेयर से लैस 38,649 नए कंप्यूटर प्रदान किए जा रहे हैं। ये कंप्यूटर सभी सीनियर सेकेंडरी और हाई स्कूलों के साथ-साथ 50 प्रतिशत मिडिल स्कूलों को दिए जाएंगे, ताकि विद्यार्थियों की नवीनतम हार्डवेयर और तकनीक तक पहुंच सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि 5,000



सरकारी स्कूलों में समर्पित कंप्यूटर लैब स्थापित की जाएंगी, ताकि सभी सेकेंडरी और सीनियर सेकेंडरी सरकारी स्कूलों में पूर्ण रूप से कार्यशील कंप्यूटर लैब सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा, इंटरएक्टिव लर्निंग को प्रोत्साहित करने के लिए हम 3,694 स्कूलों में 8,268 इंटरएक्टिव फ्लैट पैनल स्थापित कर रहे हैं। प्रत्येक सीनियर सेकेंडरी और हाई स्कूल को ये पैनल दिए जाएंगे। विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर बड़े स्कूलों को चार, पांच या आठ यूनिट प्रदान किए जाएंगे।

तकनीक में किए गए इस बड़े निवेश से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि डिजिटल साक्षरता और स्मार्ट लर्निंग अब केवल निजी स्कूलों तक सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि पंजाब के सरकारी स्कूलों में हर विद्यार्थी का बुनियादी अधिकार होंगी।

इस कदम को पारंपरिक चॉकबोर्ड से तकनीक आधारित स्मार्ट कक्षाओं की ओर एक निर्णायक बदलाव बताते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा, इस पहल के तहत पुराने कंप्यूटरों को बदला जाएगा। लंबे समय से हमारे विद्यार्थी पुराने कंप्यूटरों पर काम कर रहे थे, जो बहुत धीमे चलते थे और अभी भी माइक्रोसॉफ्ट पेंट के पुराने संस्करणों पर चल रहे थे। हम इसे स्थायी रूप से बदल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इस संबंध में क्रियान्वयन पहले ही शुरू हो चुका है और यह कोई भविष्य का वादा नहीं है। उन्होंने कहा, यह केवल भविष्य की घोषणा नहीं है; आज से ही स्कूलों में कंप्यूटरों की डिलीवरी शुरू हो चुकी है। 20 मार्च तक पंजाब के हर जिले के प्रत्येक स्कूल को अपने नए उपकरण मिल जाएंगे। श्री हरजोत सिंह बैंस ने दोहराया कि बड़े पैमाने पर किया जा रहा यह परिवर्तन शिक्षा पद्धति में एक संरचनात्मक बदलाव को दर्शाता है। उन्होंने कहा, इंटरएक्टिव फ्लैट पैनलों और कंप्यूटरों का यह व्यापक बदलाव अहम भूमिका निभाएगा। यह मूल रूप से पढ़ाने, समझने और सीखने के अनुभव को बदल देगा। पंजाब शिक्षा क्रांति प्रणालीगत सुधार के बारे में है और डिजिटल कक्षाएं इसका एक महत्वपूर्ण स्तंभ हैं।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि स्कूल प्रमुखों को 21 फरवरी से 20 मार्च तक स्कूल स्तर पर अनबॉक्सिंग सेलिब्रेशन कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसमें अभिभावकों, स्कूल प्रबंधन समितियों, पंचायतों, सेवानिवृत्त शिक्षकों और पूर्व सैनिकों को इस नए डिजिटल युग की शुरुआत के साक्षी बनने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि पूरा समुदाय सरकारी शिक्षा प्रणाली में हो रहे इस महत्वपूर्ण बदलाव का अनुभव करे। अक्सर लोग सरकारी स्कूलों को बाहर से देखते हैं और अंदर हो रहे परिवर्तनों से अनजान रहते हैं। अभिभावकों को यह देखने दीजिए कि उनके बच्चे अपने

## 18 मार्च को 14,100 महिला उद्यमियों का होगा सम्मान, 100 को मिलेंगे 25 हजार: सौंद



**चंडीगढ़।** भगवंत मान सरकार के नेतृत्व में पंजाब राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (पीएसआरएलएम) द्वारा 18 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस व्यापक स्तर पर मनाया जा रहा है, जिसके दौरान पंजाब सरकार द्वारा पूरे राज्य के विधानसभा क्षेत्रों, जिलों और राज्य स्तर पर 14,100 महिला उद्यमियों को सम्मानित किया जाएगा। इस समारोह के दौरान 100 शीर्ष उद्यमियों को प्रत्येक को 25,000 रुपये प्रदान किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि स्वयं सहायता समूहों की गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों की दर 18 प्रतिशत से घटकर 2.16 प्रतिशत हो गई है।

इस संबंध में बड़े स्तर पर समारोहों की घोषणा करते हुए और वर्ष 2022 के बाद दिए जा रहे वित्तीय तथा संस्थागत लाभों की जानकारी देते हुए ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री तरुणप्रीत सिंह सौंद ने कहा कि सरकार द्वारा पूरे राज्य में स्वयं सहायता समूहों का विस्तार किया गया है, वित्त पोषण में वृद्धि की गई है और ग्रामीण महिलाओं की स्थिति को सुदृढ़ किया गया है।

## पेंशनर सेवा पोर्टल के सभी पेंडिंग इश्यू 31 मार्च तक सॉल्व होने चाहिए गैर जिम्मेदार बैंकों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा : चीमा

पंचकूला ऑब्ज़र्वर

**चंडीगढ़, 26 फरवरी।** पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने आज पंजाब भवन में पेंशनर सेवा पोर्टल (क्स्क) पर लंबित मामलों को सुलझाने के उद्देश्य से अलग-अलग बैंकों के साथ रिव्यू मीटिंग आयोजित की। बार-बार हो रही देरी और निर्धारित समय सीमा पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए, एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने सभी लंबित मामलों को निपटाने के लिए 31 मार्च, 2026 तक की समय सीमा निर्धारित करते हुए स्पष्ट रूप से कहा की अब और देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मीटिंग के दौरान, वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि बैंक पहले भी निर्धारित समय सारणी की पालना करने में नाकाम रहे थे,



जिसके कारण पंजाब सरकार को उनके अनुरोध पर समय अवधि बढ़ानी पड़ी7 उन्होंने कहा, ÷ समय अवधि बढ़ाने के बाद भी प्रमुख वित्तीय संस्थाओं में बहुत ज़्यादा बैकलॉग बना हुआ है। उन्होंने कहा कि पेंशनर सेवा पोर्टल से जुड़े सभी पेंडिंग मामलों को 31 मार्च, 2026 तक सुलझा लिया जाना चाहिए।

15 मार्च को रिव्यू मीटिंग की घोषणा करते हुए, वित्त मंत्री ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा दी।, ÷पंजाब सरकार उन बैंकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी जो 31 मार्च की समय अवधि तक सभी बकाया मामलों का निपटारा करने में नाकाम रहेंगे। प्रशासकीय आकुशलता के कारण पेंशनर्स को परेशान नहीं होने दिया जा सकता।÷ पंजाब सरकार के 31 अक्टूबर, 2025 के निर्देशों का पालन न करने पर बल देते हुए, जिसमें सिर्फ़ जीवन प्रमाण पत्र के मध्यम डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र लेना अति आवश्यक कर दिया गया था, वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि कुछ बैंकों ने इन निर्देशों को पूरी तरह से लागू नहीं किया है।

उन्होंने कहा, ÷किसी भी कम्युनिकेशन गैप को कम करने के लिए, सरकार ने बैंकों को एक विशेष मैसेज और ड्राफ़्ट लेटर दिया है। बैंकों को यह मैसेज अपने अपडेटेड संपर्क डेटाबेस के माध्यम से आगे भेजना चाहिए ताकि पेंशनर्स को ज़रूरी जेपीपी और ई -केवायसी की ज़रूरत के बारे में पूरी जानकारी हो। इस इस कार्य प्रणाली को पूरा करने के लिए संयुक्त रूप से कार्य करने की आवश्यकता है ।

## पुलिस महानिदेशक के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की

**गुरदासपुर, 26 फरवरी।** शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने गुरुवार को गुरदासपुर जिले के गांव अधियां में 19 वर्षीय रणजीत सिंह के निवास का दौरा किया। रणजीत सिंह हाल ही में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास दो पंजाब पुलिस कर्मियों की हत्या से जुड़े पुलिस एनकाउंटर में मारा गया था।

मजीठिया ने बताया कि अपने माता-पिता की इकलौती संतान रणजीत सिंह इस सप्ताह की शुरुआत में पुराना शाला के पास एक पुलिस ऑपरेशन के दौरान मारा गया था। उसकी मां सुखविंदर कौर और परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया कि उसके बेटे को फर्जी एनकाउंटर में मारा गया है। उन्होंने न्याय और इस घटना की स्वतंत्र जांच की मांग की। उन्होंने जवाबदेही की मांग करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री और गृह मंत्री भगवंत मान और एडहॉक पुलिस महानिदेशक गौरव यादव के खिलाफ धारा 302 के तहत हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की। उन्होंने 'आप' सरकार के कार्यकाल के दौरान हुए सभी एनकाउंटर की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जांच की भी मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि सीमावर्ती क्षेत्रों के युवाओं को सुरक्षा अभियानों के नाम पर निशाना बनाया जा रहा है, जिससे 90 के दशक की यादें ताजा हो गई हैं जब कई एनकाउंटर बाद में न्यायिक जांच के घेरे में आये थे।

## रंधावा का जांबाज पुलिस कर्मियों की शहादत पर राजनीति करना बेहद शर्मनाक: रंधावा

- कांग्रेस नेता सुखजिंदर रंधावा की पुलिस प्रशासन पर टिप्पणी की 'आप' विधायक गुरदीप रंधावा ने की निंदा

पंचकूला ऑब्ज़र्वर

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के हल्का डेरा बाबा नानक से विधायक गुरदीप सिंह रंधावा ने कांग्रेस नेता और मौजूदा सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा द्वारा पुलिस प्रशासन पर की गई टिप्पणी की कड़े शब्दों में निंदा की है। रंधावा ने कहा कि गुरदासपुर में पिछले दिनों शहीद हुए हमारे दो जांबाज पुलिस कर्मियों की शहादत पर राजनीति करना बेहद शर्मनाक है। सुखजिंदर रंधावा ने वहां के एसएसपी को जो अपशब्द कहे हैं, वह उनकी ओछी मानसिकता को दर्शाता है। मैं उन्हें याद दिलाना चाहता हूं कि उसी एसएसपी और पंजाब पुलिस ने



अपनी काबिलियत का लोहा मनवाते हुए महज 72 घंटों के भीतर एक आरोपी को एनकाउंटर में ढेर कर दिया और दूसरा सलाखों के पीछे है।

विधायक रंधावा ने सुखजिंदर रंधावा पर हमला बोलते हुए सवाल किया कि वह जनता को बताएं कि उस समय के खूंखार आतंकवादी 'नट्टी' के साथ उनके परिवार के क्या संबंध थे? जो आतंकवादी सुखजिंदर रंधावा के पिता संतोख सिंह रंधावा को अपना 'पिता' कहकर संबोधित करता था और जिसे रंधावा अपना भाई मानते थे, उसके साथ उनके परिवार की क्या सांठगांठ थी? इतना ही नहीं, उत्तर प्रदेश के कुख्यात अंसारी परिवार और अन्य गैंगस्टरों के साथ अपने संबंधों पर सुखजिंदर रंधावा चुप्पी क्यों साध लेते हैं? जिनके खुद के तार अपराधियों से जुड़े हों, उन्हें वर्दीधारी ईमानदार पुलिस मुलाजिमों पर इल्जाम लगाने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

सुखजिंदर रंधावा की 'ईमानदारी' पर सवाल उठाते हुए आप नेता ने कहा कि जब एक 17 साल के मासूम बच्चे और उसके पिता की हत्या हुई थी, तब रंधावा के मुंह से सख्त सजा की बात क्यों नहीं निकली? कलानौर में हुए भ्रष्टाचार का कच्चा चिट्ठा खोलते हुए विधायक ने बताया कि रंधावा के मंत्री रहते हुए 2018 से 2021 के बीच वहां 8 करोड़ रुपये का भारी घोटाला हुआ है। विधायक ने बताया कि इस भ्रष्टाचार का सबूत 22 तारीख को दर्ज हुआ वह पर्चा है, जिसमें विजिलेंस ऑफिसर ने 2 बीडीपीओ और डीटीपीओ समेत 8 लोगों पर मामला दर्ज किया है।

## भगवंत मान सरकार अकाली-भाजपा शासन द्वारा बोए गए कांटों की सफाइ कर रही है: बलतेज पन्नू

पंचकूला ऑब्ज़र्वर

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के महासचिव और मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने पंजाब भाजपा नेता अश्वनी शर्मा के उस बयान का करारा जवाब दिया है जिसमें उन्होंने दावा किया था कि सिर्फ भाजपा ही पंजाब से नशे को खत्म कर सकती है और कानून-व्यवस्था ठीक कर सकती है। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान पंजाब के लोगों की समझ और याददाश्त का अपमान हैं।

एक वीडियो संदेश में, आप पंजाब स्टेट मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने भाजपा नेता को याद दिलाया कि 1997 से 2002 तक भाजपा - शिरोमणि अकाली दल (एसएडी) के साथ गठबंधन में थी, और फिर 2007 से 2017 तक राज्य में अकाली-भाजपा गठबंधन की सरकार रही। उन्होंने कहा कि यह वह दौर था जब पंजाब में नशा तेजी से फैला और 'चिट्टे' ने एक पूरी पीढ़ी को बर्बाद कर



दिया। इसकी ज़िम्मेदारी सिर्फ़ बादल परिवार की नहीं है; भाजपा भी उतनी ही ज़िम्मेदार है।

उन्होंने सवाल किया कि क्या भाजपा को लगता है कि पंजाबी वह दशक भूल गए हैं जब उनके शासन में नशे का गलत इस्तेमाल और गैंगस्टरवाद फला-फूला। उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े दावे करने से पहले, भाजपा नेताओं को अपने रिकॉर्ड के बारे में जवाब देना चाहिए। आप लीडर ने दावा किया कि आज अगर कोई सरकार नशे और गैंगस्टर नेटवर्क के खिलाफ़ ईमानदारी से और बड़े पैमाने पर एक्शन ले रही है, तो वह मुख्यमंत्री भगवंत मान की लीडरशिप वाली सरकार है।

### धालीवाल का अकाली दल पर तीखा हमला, कहा–

## जो गुरु ग्रंथ साहिब के वफादार नहीं, वे पंजाब के भी नहीं

पंचकूला ऑब्ज़र्वर

**चंडीगढ़/अमृतसर।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के मुख्य प्रवक्ता और विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल ने गुरुवार को अमृतसर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए शिरोमणि अकाली दल (बादल) पर तीखा हमला किया। धालीवाल ने पूर्व आईपीएस अधिकारी परमराज सिंह उमरानंगल की सेवानिवृति के मौके पर वरिष्ठ अकाली नेता बिक्रम सिंह मजीठिया की सोशल मीडिया पोस्ट और सार्वजनिक उपस्थिति पर सवाल उठाए।

धालीवाल ने कहा कि यह बहुत दुख की बात है कि शिरोमणि अकाली दल (बादल) के नेता खुलेआम उन अधिकारियों का जश्न मना रहे हैं और उन अधिकारियों के साथ खड़े हैं जिनकी देखरेख में पंजाब के हाल के इतिहास की सबसे दर्दनाक कांड हुए। उन्होंने याद दिलाया कि अकाली दल-भाजपा सरकार के दौरान ही पंजाबभर



में गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी की घटनाएं हुईं, जिसने दुनिया भर में सिख समुदाय की अंतरात्मा को हिलाकर रख दिया था। शांतमई ढंग से रोष प्रदर्शन कर रही और इंसाफ की मांग कर रही संगत पर गोलियां चलाई गईं।

उन्होंने कहा कि परमराज सिंह उमरानंगल और पूर्व डीजीपी सुमेध सैनी जैसे अधिकारी उस समय महत्वपूर्ण पदों पर थे और न्याय एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के बजाय, राज्य में निर्दोष श्रद्धालुओं पर अत्याचार और गोलीबारी देखने को मिली। धालीवाल ने कहा कि मुगल काल या ब्रिटिश शासन के दौरान भी, किसी ने भी गुरु साहिब के अंगों की इस तरह से बेअदबी करने की हिम्मत नहीं की, जैसा कि अकाली दल के शासन के दौरान हुआ।

एक और गंभीर चिंता जताते हुए, धालीवाल ने जत्थेदार द्वारा डेरा सच्चा सौदा प्रमुख को दी गई विवादित माफ़ी पर सवाल उठाया और कहा कि सिख भावनाओं को हुए नुकसान की जिम्मेदारी लेने के बजाय, अकाली दल ने आरोपियों को संरक्षण दिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने लगातार ऐसे काम किए हैं जिनसे सिख समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है और फिर राजनीतिक सुविधा के लिए अपने गुनाहों को छिपाने की कोशिश की है। धालीवाल ने आगे कहा कि एक तरफ़ अकाली दल गैंगस्टरों के परिवारों को पार्टी में शामिल कर रहा है और उन्हें पार्टी टिकट भी दे रहा है, दूसरी तरफ़, वह सिख संगत पर अत्याचार करने वाले लोगों के साथ सार्वजनिक रूप से जश्न मना रहा है।

# 31 मार्च 2026 तक 44 साइटें होंगी चालू: बरिंदर कुमार गोयल

पंचकूला ऑब्ज़र्वर

**चंडीगढ़।** खनन क्षेत्र में पारदर्शिता और नियमित खनन प्रणाली को मज़बूत रूप से लागू करने की दिशा में एक और निर्णायक कदम उठाते हुए पंजाब के खनन एवं भू-विज्ञान मंत्री श्री बरिंदर कुमार गोयल ने आज पंजाब में क्रशर-ओनर माइनिंग साइटों (सी.आर.एम.एस.) की शुरुआत की। पठानकोट ज़िले में स्थित इन साइटों की शुरुआत करते हुए कैबिनेट मंत्री ने ज़ोर देकर कहा कि इस पहल से बाज़ार में रेत और अन्य खनिजों की प्रचुर उपलब्धता सुनिश्चित होगी तथा राज्यभर में ग़ैर-कानूनी खनन पर अधिक प्रभावी ढंग से अंकुश लगाया जा सकेगा।

इस अवसर पर खनन एवं भू-विज्ञान मंत्री, क्रशर मालिकों, भूमि मालिकों और वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में दो क्रशर-ओनर माइनिंग साइटों के लिए समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि इन दोनों साइटों के अंतर्गत 4.46 हेक्टेयर क्षेत्र को कवर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन समझौतों के साथ विभाग द्वारा एक सुव्यवस्थित ढांचा लागू किया जा रहा है, जिसके तहत स्वीकृत खनन योजनाओं और पर्यावरणीय सुरक्षा मानकों के अंतर्गत पंजीकृत क्रशर इकाइयाँ सीधे खनन गतिविधियों से जुड़ेंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स.




भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार राज्य के लोगों को किफ़ायती दरों पर रेत और अन्य खनिज पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। क्रशर-ओनर माइनिंग साइटों तथा लैंड-ओनर माइनिंग साइटों के संचालन से लघु खनिजों की कानूनी आपूर्ति में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिससे बाज़ार में कीमतें स्थिर और उचित बनी रहेंगी।

नई खनन नीति के तहत की गई पहलों का विवरण साझा करते हुए कैबिनेट मंत्री ने बताया कि राज्यभर से क्रशर-ओनर माइनिंग साइटों के लिए कुल 138 आवेदन तथा लैंड-ओनर माइनिंग साइटों के लिए 25 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 305.59 हेक्टेयर क्षेत्रफल वाली 44 साइटों की ज़िला सर्वेक्षण रिपोर्टें स्वीकृत हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि 79.74 हेक्टेयर क्षेत्रफल वाली 14 साइटों को पर्यावरणीय स्वीकृति मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि सभी 44 स्वीकृत साइटों को 31 मार्च 2026 तक अंतिम अनुमति मिलने की उम्मीद है, जिसके बाद इन साइटों पर चरणबद्ध तरीके से कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

श्री गोयल ने बताया कि 44 स्वीकृत माइनिंग साइटों पर 31 मार्च 2026 तक कार्य आरंभ हो जाएगा, जो राज्यभर में लघु खनिजों की कानूनी आपूर्ति बढ़ाने के लिए सरकार की समयबद्ध कार्य-योजना का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि शेष 119 साइटों पर भी इसी वर्ष के भीतर सभी कानूनी स्वीकृतियां और पर्यावरणीय मंज़ूरियां पूर्ण होने के बाद चरणबद्ध तरीके से कार्य प्रारंभ किया जाएगा। यह विस्तार बाज़ार में रेत और बजरी की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करेगा, प्रभावी निगरानी को सुदृढ़ करेगा तथा पूरे पंजाब में ग़ैर-कानूनी खनन गतिविधियों पर अंकुश लगाएगा। खनन एवं भू-विज्ञान मंत्री ने ज़ोर देकर कहा कि कानूनी खनन आपूर्ति का विस्तार न केवल सरकारी राजस्व में वृद्धि करेगा, बल्कि खनन क्षेत्र में नियमितता भी लाएगा।

## एसजीपीसी की अंतरिम समिति ने ज्ञानी रघुबीर सिंह को सेवामुक्त किया

पंचकूला ऑब्ज़र्वर

**अमृतसर।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की उच्च स्तरीय बैठक गुरुवार को शिरोमणि समिति के मुख्यालय में हुई, जिसमें सचखंड श्री हरमंदिर साहिब के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी रघुबीर सिंह को दिये गये 72 घंटे के नोटिस के मामले पर चर्चा हुई। बैठक में गहन विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया कि शिरोमणि समिति के प्रबंधन के विरुद्ध लगे आरोपों के संबंध में कोई साक्ष्य प्रस्तुत न करने और नियमों की अवहेलना करते हुए प्रबंधन पर बार-बार प्रश्न उठाने के कारण ज्ञानी रघुबीर सिंह को सेवा से सेवानिवृत्त कर दिया जाये। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए एसजीपीसी अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि ज्ञानी रघुबीर सिंह ने हाल ही में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसजीपीसी प्रशासन पर आरोप लगाकर उसे बदनाम किया है, जिसके लिए उन्हें 19 फरवरी की आंतरिक समिति के निर्णय के अनुसार 72 घंटे का नोटिस देकर सबूत प्रस्तुत करने को कहा गया था। उन्होंने निर्धारित समय के भीतर कोई सबूत प्रस्तुत नहीं किया, बल्कि सेवा नियमों की अनदेखी करते हुए प्रशासन पर सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि आंतरिक समिति ने पाया कि ज्ञानी रघुबीर सिंह ने मीडिया में जाकर एसजीपीसी प्रशासन को बदनाम किया है, जिससे सचखंड श्री हरमंदिर साहिब के मुख्य ग्रंथी के पद की गरिमा को भी ठेस पहुंची है।

# हरियाणा के गांवों में जल्द बनेंगी स्मार्ट गलियां

## बादली के विधायक ने विधानसभा में उठाया मुद्दा, दस हजार से अधिक आबादी वाले 111 गांवों की पहचान

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 26 फरवरी।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि जिस तरह शहरों में साफ और व्यवस्थित गलियां होती हैं, उसी तर्ज पर गांवों में भी 'स्मार्ट गली' विकसित की जाएगी। इस दिशा में पूरे राज्य में ऐसे 111 गांवों की पहचान की गई है, जहां मतदाताओं की संख्या 10,000 से अधिक है। बादली विधानसभा क्षेत्र के बादली गांव को भी इस योजना में शामिल किया गया है। यहाँ 'स्मार्ट गली' बनाने पर 1 करोड़ 19 लाख 39 हजार रुपये का खर्च आएगा। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार गुरुवार को विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान शून्य काल में विधायक कुलदीप वत्स द्वारा उठाए गए एक मुद्दे पर सदन में वक्तव्य दे रहे थे।

### तालाब किनारे बने मकानों की जांच करवाएगी सरकार

कृष्ण लाल पंवार ने शून्य काल में विधायक शीशपाल केहरवाला द्वारा तालाबों के संबंध में पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि राज्य में तालाबों की प्रकृति सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुरूप ही रहेगी। उन्होंने बताया कि कुछ तालाबों के किनारे लोगों ने मकान बना लिए हैं।

पंवार ने बताया कि जिला उपायुक्तों को निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे मकानों की जांच कर विशेष कैंप आयोजित करें और मुख्यालय को केस भेजें। 2004 से पहले बने मकानों के लिए यदि कोई प्रूफ है, तो उसे भी लिखित रूप में भेजा जाएगा। इसके लिए सीईओ जिला परिषद और बीडीपीओ की ड्यूटी लगाई गई है, ताकि विशेष कैंप लगाकर समस्या का समाधान किया जा सके।



### वी.बी.-जी. राम-जी' योजना से ग्रामीण रोजगार को मिलेगा नया बल: डॉ. अरविंद शर्मा

हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने बजट सत्र के दौरान प्रस्तुत 'विकसित भारत ङ्क रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण)' प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण रोजगार, आजीविका और अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का सपना था कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है, और इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रामीण विकास को राष्ट्रीय प्राथमिकता दी है। मंत्री ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य केवल रोजगार उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाना भी है। उन्होंने बताया कि पहले यह योजना 'काम के बदले अनाज', फिर 'राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (नरेगा)' और बाद में 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा)' के रूप में लागू रही, जिसे अब आधुनिक, पारदर्शी और जवाबदेह ढांचे के साथ 'विकसित भारत ङ्क रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण)' के रूप में आगे बढ़ाया जा रहा है। डॉ. शर्मा ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत ग्रामीण परिवारों को अब प्रति वित्तीय वर्ष 100 दिनों के बजाय 125 दिनों तक रोजगार की गारंटी दी जाएगी। मजदूरी भुगतान की समय-सीमा 15 दिनों से घटाकर 7 दिन कर दी गई है। निर्धारित समय में भुगतान न होने पर श्रमिक क्षतिपूर्ति के लिए आवेदन कर सकेंगे।

### विधानसभा में गूंजा पानी व प्लास्टिक प्रदूषण का मुद्दा

हरियाणा विधानसभा में पानी तथा प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण के मुद्दे पर कांग्रेस विधायकों ने सरकार को घेरा तो मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मोर्चा संभालते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ एकजुटता से अभियान चलाने का आह्वान किया। विधानसभा में झज्जर की विधायक गीता भुक्कल ने कलियावास, खानपुर कलां, मुंडसा, खोर्रा, बहु आदि गांवों में पेयजल आपूर्ति सुचारू बनाने पर सरकार से रिपोर्ट मांगी। उन्होंने कहा कि यहां दूषित पानी की सप्लाई हो रही है। पानी में टीडीएस का स्तर लगातार बढ़ रहा है। पानी के कारण कैंसर जैसी घातक बीमारी तेजी से फैल रही है। लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने गीता भुक्कल के दावे को खारिज करते हुए कहा कि गांवों में पेयजल तय नियमों के अनुसार सप्लाई हो रहा है।

### एआई समिट में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का व्यवहार निंदनीय: सैनी

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नई दिल्ली में आयोजित एआई समिट के दौरान कांग्रेस के यूथ कार्यकर्ताओं के व्यवहार की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि इससे देश की छवि को वैश्विक स्तर पर नुकसान पहुंचा है। मुख्यमंत्री वीरवार को हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में आयोजित इस वैश्विक समिट में दुनिया भर से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, लेकिन कुछ लोगों ने अनुचित आचरण कर देश को शर्मसार किया। उन्होंने कहा कि आने वाला समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का है और राज्य सरकार तकनीकी विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में सरकार गुरुग्राम और पंचकूला में दो एआई हब स्थापित करेगी, जिसकी घोषणा पहले ही बजट में की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि एआई हब बनने से हरियाणा को तकनीकी क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी।

### किसानों के मुआवजे पर सदन में हंगामा

हरियाणा विधानसभा में गुरुवार को किसानों के मुआवजे का मुद्दा छाया रहा। महम विधायक बलराम दांगी ने अपने सवाल में दावा किया कि महम क्षेत्र के 30 गांवों के करीब 9000 किसानों ने फसल खराबे के लिए आवेदन किया था, लेकिन उनमें से सिर्फ 1732 किसानों को ही मुआवजा मिला है। उन्होंने कहा कि 90 से 95 प्रतिशत फसलें खराब हुई थीं, खेतों में पानी अभी भी भरा है, बावजूद इसके बाकी किसानों का नाम सूची से काट दिया गया। विपक्ष के आरोपों पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सदन में कहा कि महम क्षेत्र में साढ़े छह करोड़ रुपये मुआवजे के तौर पर भेजे हैं।

## बलजीत को 100 प्रतिशत उपलब्धि पर प्रशंसा-पत्र निदेशक डॉ. प्रियंका सोनी ने किया सम्मानित

पंचकूला ऑब्जर्वर



**कुरुक्षेत्र, 26 फरवरी।** महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा की माननीया निदेशक डॉ. प्रियंका सोनी की अध्यक्षता में 25 फरवरी 2026 को पंचकूला में प्रदेश के सभी जिलों की जिला कार्यक्रम अधिकारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का विस्तृत आकलन किया गया।

बैठक के दौरान पोषण अभियान (पोषण अभियान 2.0) के अंतर्गत जनवरी 2026 माह में आयोजित ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस तथा सामुदायिक आधारित कार्यक्रमों की उपलब्धियों की समीक्षा की गई। इस क्रम में जिला कुरुक्षेत्र द्वारा पोषण ट्रैकर पर 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने की उल्लेखनीय उपलब्धि को विशेष रूप से सराहा गया।

जिला कुरुक्षेत्र की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती बलजीत कौर को प्रत्येक ग्राम स्तर पर 0 से 6 वर्ष के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं स्तनपान कराने वाली माताओं के हित में उत्कृष्ट कार्य, प्रभावी पर्यवेक्षण तथा योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रशंसा-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

माननीया निदेशक डॉ. प्रियंका सोनी ने कहा कि श्रीमती बलजीत कौर की कार्यनिष्ठा, समर्पण एवं दूरदर्शिता के कारण जिला कुरुक्षेत्र ने शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त कर प्रदेश में एक आदर्श प्रस्तुत किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी इसी उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ विभागीय योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाया जाएगा, जिससे महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य व पोषण स्तर में निरंतर सुधार सुनिश्चित हो सके।

## लिबर्टी शूज ने विश्व में अपनी अलग पहचान बनाई 23 देशों में लिबर्टी के उत्पादों की अधिक डिमांड: बंसल

पंचकूला ऑब्जर्वर



**करनाल, 26 फरवरी।** फुटवियर उद्योग की अग्रणी कंपनी लिबर्टी शूज़ के सीई ओ ने बताया कि यूरोपीय यूनियन से औद्योगिक समझौते के बाद भारतीय लेदर उद्योग की यूरोप में डिमांड बढ़ी हैं। भारतीय शूज और लेदर उद्योग के लिए यूरोप और अमरीका में संभावनाएं बढ़ी है। भारतीय उत्पादों की मांग बढ़ी है।

इसको देखते हुए आने वाले समय में लिबर्टीर शूज अपनी उत्पादन क्षमता को बढ़ाएगा। उन्होंने बताया कि इस चैनल मीट में कंपनी ने साढे तीन हजार नए आर्टीकल आंच किए हैं। उन्होंने बताया कि दो पेयर से लिबर्टी ने अपना सफर शुरू किया था। आज साठ हजार पेयर प्रति दिन उत्पाद किए जा रहे हैं। लिबर्टी के उत्पाद इतने टिकॉऊ है कि दादा खरीदता है और पौता उसको उपयोग करता हैं। लिबर्टी की सफलता का एक ही राज है उपभोक्ता का भरोसा उसके पैसे का भरपूर प्रयोग और आरामदायक सफर। वह पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने इससे पहले अपनी 83वीं नेशनल चैनल मीट के दौरान ए डब्ल्यू 26 (ऑटम-विंटर 2026) कलेक्शन का भव्य शुभारंभ किया। यह तीन दिवसीय आयोजन 27 फ़रवरी तक किया जा रहा है।

इस अवसर पर कंपनी ने परिवार के प्रत्येक वर्ग–पुरुष, महिला और बच्चों–के लिए डिज़ाइन किए गए नवीनतम, आरामदायक और स्टाइलिश फुटवियर कलेक्शन को प्रस्तुत किया। इस रेंज में प्रीमियम सामग्री, आधुनिक डिज़ाइन और बेहतर फिट के साथ टिकाऊपन पर विशेष ध्यान दिया गया है, ताकि ग्राहकों को हर कदम पर स्टाइल और आराम दोनों का अनुभव मिल सके।

लिबर्टी कंपनी के सी ओ ओ रमन बंसल ने बताया कि मार्केट ट्रेंड्स और कस्टमर फीडबैक के आधार पर हीलर्स,लीप 7 एक्स लकी एंड ल्यूक तथा अहा जैसी कोर कैटेगरीज पर विशेष फोकस किया जा रहा है, जो कुल बिक्री में 70 प्रतिशत से अधिक योगदान देती हैं।

## 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की लड़कियों किया जाएगा एचपीवी टीकाकरण: रेणू चावला

पंचकूला ऑब्जर्वर

**कैथल, 26 फरवरी।** सिविल सर्जन डॉ. रेणू चावला ने कहा कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार व हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार महिलाओं में ज्यादातर होने वाले सर्विकल कैंसर की रोकथाम को लेकर हयूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर पर यह अभियान 28 फरवरी से शुरू होगा और जिला स्तर पर भी इस अभियान की शुरूआत की जाएगी। उन्होंने सभी निर्धारित उम्र की लड़कियों का आह्वान किया कि वे इस अभियान के अंतर्गत निःशुल्क टीकाकरण जरूर करवाएं, ताकि स्वास्थ्य सही रहे। सिविल सर्जन डॉ. रेणू चावला वीरवार को पुराने नागरिक अस्पताल स्थित सिविल सर्जन कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान एचपीवी टीकाकरण अभियान के संदर्भ में जानकारी प्रदान कर रही थी। सीएमओ ने कहा कि इस अभियान के दौरान सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थाओं पर 14 वर्ष से 15 वर्ष तक की लड़कियों का एचवीपी टीकाकरण निःशुल्क किया जाएगा। जिला कैथल में लगभग 12 हजार लड़कियों की सूची तैयार की गई है। इस डोज के लगने से घातक बीमारियों से बचाव होगा। उन्होंने आमजन का आह्वान किया कि वे स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी हिदायतों का दृढ़ता से पालन करते रहें। ये वैक्सीन हमें घातक कैंसर जैसी बीमारी से बचा रही है। हमें डरने की आवश्यकता नहीं है।

## खेल व्यक्तित्व निर्माण, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता के विकास का सशक्त माध्यम: चौ. तेजवीर सिंह

पंचकूला ऑब्जर्वर

**कैथल, 26 फरवरी।** बाबू अनन्त राम जनता कॉलेज कौल में 52 वीं दो दिवसीय वार्षिक एथलेटिक मीट का शुभारंभ महाविद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान चौ. तेजवीर सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुखयातिथि के तौर पर प्रो. विवेक चावला निदेशक युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र ने शिरकत की। पूर्व विधायक तेजवीर सिंह ने खिलाडि?ों को संबोधित करते हुए शिक्षा के साथ खेलों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया।

तेजवीर सिंह ने कहा कि खेल व्यक्तित्व निर्माण, अनुशासन, धैर्य एवं नेतृत्व क्षमता के विकास का सशक्त माध्यम हैं। अनुशासन, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा एवं खेल भावना को जीवन की सफलता का आधार बताया। प्रो. विवेक चावला ने खिलाडि?ों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक सुदृढ़ता ही नहीं बल्कि आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं तथा युवाओं को राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय ढांड डीडवाना की प्राचार्य डॉ. संगीता शर्मा तथा डॉ. अनीता चौहान भी मौजूद रही। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. अमित कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आयोजन के संयोजक डॉ. बृजिंदर सिंह एवं सचिव पारसमणि रहे।

प्राचार्य डॉक्टर ऋषिपाल ने बताया कि 200 मीटर दौड़ में जानसी प्रथम धनवंती द्वितीय तथा बलविंदर तीसरे स्थान पर रही। लॉन्ग जंप में अंजू प्रथम रिंका द्वितीय तथा जानसी तीसरे स्थान पर रही। गोला फेंक में तनुष्का प्रथम रिंका द्वितीय तथा जस्सू तीसरे स्थान पर रही। लड़कों की 200 मीटर दौड़ में यश कुमार प्रथम सुनील कुमार द्वितीय तथा रजत तीसरे स्थान पर रहा। 1500 मीटर दौड़ में रजत प्रथम रामनिवास द्वितीय तथा सुनील कुमार तीसरे स्थान पर रहा। लंबी कूद में यश कुमार प्रथम रजत द्वितीय तथा रणवीर सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## सड़क हादसे में युवक की गई जान

**मुलाना।** कालपी साहा रोड़ पर बुधवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब एक कार ने मोटरसाइकिल सवार को अपनी चपेट में लिया और फिर लकड़ियों से भरी ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मारी । जिससे ट्रैक्टर में भरी लकड़ियां पेंचर लगा रहे युवक और ट्रैक्टर चालक पर गिर गई । पुलिस ने कार चालक व ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्जकर कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

गांव तलाकौर निवासी सुभम ने बताया कि वह अपने साथी बलदेव निवासी तलाकौर के साथ साहा में टायर पंचर की दुकान करते है। 26 फरवरी की रात करीब 1 बजे उन्हें सूचना मिली कि सनराइज होटल कालपी के पास लकड़ियों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली का टायर पंचर हो गया है। सूचना मिलने पर दोनों मौके पर पहुंचे और ट्रॉली के टायर को ठीक करने लगे। इसी दौरान ट्रॉली चालक दीन मोहम्मद भी वहां मौजूद था। उन्होंने ट्रैक्टर ड्राइवर को बोला कि सड़क पर संकेतक लगा दो । उसी दौरान टायर ठीक करते समय पीछे से तेज रफ्तार व लापरवाही से आ रही कार ने पहले एक मोटरसाइकिल को टक्कर मारी और फिर सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि लकड़ियों से भरी ट्रॉली पलट गई, बलदेव ने ट्राली पलटती देख शुभम को धक्का देकर बचा लिया लेकिन वह और ट्रैक्टर चालक दीन मोहम्मद ट्राली की लकड़ियों में दब गए। राहगीरों द्वारा डायल-112 को सूचना दी गई, जिसके बाद घायलों को मुलाना के एमएम अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने बलदेव को मृत घोषित कर दिया। हादसे में मोटरसाइकिल चालक दिनेश कुमार निवासी साहलेपुर तथा ट्रैक्टर चालक दीन मोहम्मद निवासी बुड्डी सढ़ौरा को भी चोटें आई हैं। मुलाना थाना पुलिस ने कार चालक व ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पिहोवा पहुंची कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह की सद्भावना यात्रा

पंचकूला ऑब्जर्वर



**पिहोवा, 26 फरवरी।** कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह की सद्भावना यात्रा शुक्रवार को पिहोवा पहुंची। इस अवसर पर बृजेंद्र सिंह ने प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर टिप्पणी करते हुए सामाजिक एकता बनाए रखने का आह्वान किया। प्रदेश में 36 बिरादरी के बीच भाईचारे की परंपरा रही है, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में तनाव का माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ शक्तियां समाज को बांटने का प्रयास कर रही हैं, जिससे सामाजिक समरसता को ठेस पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि सद्भावना यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगों को जोड़ना और आपसी विश्वास को मजबूत करना है। उन्होंने इस यात्रा को राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का फॉलोअप बताया। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा ने देशभर में सामाजिक और राजनीतिक संवाद को नई दिशा दी है। उसी भावना को आगे बढ़ाते हुए हरियाणा में सद्भावना यात्रा निकाली जा रही है, ताकि प्रदेश में भाईचारे और लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में असहमति और संवाद दोनों का सम्मान होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार प्रदर्शन करने वालों को गिरफ्तार कर संविधान की मूल भावना के खिलाफ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री किसी और के इशारे पर कार्य कर रहे हैं और उन्हें प्रदेश की वास्तविक समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश का मुखिया होने के नाते मुख्यमंत्री का दायित्व है कि वह सभी वर्गों के हितों की रक्षा करें और निष्पक्ष प्रशासन सुनिश्चित करें। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय प्रदेश में रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य हुए थे।

यात्रा के इस चरण का समापन 15 मार्च को यमुनानगर में आयोजित सम्मान समारोह के साथ होगा। पिहोवा में इस यात्रा में कांग्रेस की गुटबंदी भी दिखाई दी।

## गैर शिक्षक स्टाफ को हराकर शिक्षक स्टाफ ने जीता मैत्रीपूण्र क्रिकेट मैच

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज में शिक्षकों एवं गैर-शिक्षक कर्मचारियों के मध्य एक मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। शिक्षण टीम में डॉ. राजबीर पराशर कप्तान, डॉ. अशोक शर्मा, डॉ. जयबीर धारीवाल, डॉ. सुरेंद्र सिंह, डॉ. विशाल आनंद, डॉ. विनोद मान, डॉ. वीरेंद्र सिंह, डॉ. अनुराग, डॉ. मतीश, कैलाश, सतीश, वीरेंद्र शर्मा, मोहित गौर, विनय, डॉ. दीपक थे जबकि गैर-शिक्षण टीम में हेमंत तिवारी कप्तान, अशोक, जसबीर, अमित मित्तल, रविंदर, हेमंत तिवारी कप्तान, राहुल गुप्ता, राहुल जिंदल, गौतम गोयल, रवि गोयल, त्रिलोक, विशाल गुप्ता, कनिष्क, पंकज, चांदी राम, लाभ सिंह शामिल रहे। मैच का शुभारंभ प्रधान अश्वनी शोरेवाला, महासचिव पंकज बंसल और प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल द्वारा टॉस करवाकर किया गया। गैर-शिक्षण टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम के खिलाड़ियों ने निर्धारित ओवरों में और 108 रनों का लक्ष्य रखा।

## राज्यसभा की दो सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव की अधिसूचना जारी

**चंडीगढ़ 26 फरवरी।** हरियाणा से राज्यसभा की दो सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव का कार्यक्रम अधिसूचित कर दिया गया है।

रिटर्निंग ऑफिसर पंकज अग्रवाल ने जानकारी देते हुए गुरुवार को बताया कि किरण चौधरी और रामचंद्र जांगरा का कार्यकाल इस वर्ष नौ अप्रैल को समाप्त हो रहा है। उनके कार्यकाल की समाप्ति के कारण रिक्त होने वाली सीटों को भरने के लिए यह चुनाव कराया जाएगा अधिसूचना के अनुसार, दोनों सीटों के लिए नामांकन पत्र पांच मार्च तक दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच छह मार्च को की जाएगी।

उम्मीदवार नौ मार्च तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। यदि आवश्यक हुआ तो मतदान 16 मार्च को पूर्वाह्न नौ बजे से शाम चार बजे तक हरियाणा विधानसभा सचिवालय, सेक्टर-1 चंडीगढ़ स्थित कमेटी रूम में कराया जाएगा।

रिटर्निंग ऑफिसर ने बताया कि नामांकन पत्र कार्यदिवसों में पूर्वाह्न 11ः00 बजे से अपराह्न तीन बजे के बीच सहायक रिटर्निंग ऑफिसर गौरव गोयल के समक्ष जमा किए जा सकते हैं। चुनाव प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई जाएगी।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने झज्जर में कार्यकर्ताओं को किया प्रशिक्षित

**चंडीगढ़, 26 फरवरी।** हरियाणा भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष मोहन लाल ब?ौली ने 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान' के अंतर्गत झज्जर स्थित भाजपा कार्यालय कमलम् में आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

कार्यशाला की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विकास वाल्मीकि ने की।

तीन सत्रों में आयोजित कार्यक्रम में सात विषयों पर चर्चा की गयी तथा कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया, कृत्रिम बुद्धिमत्ता( एआई), सरल और नमो एप की जानकारी दी गयी। बड़ौली ने 'जिज्ञासा और समाधान' सत्र में संगठनात्मक मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि प्रशिक्षण से कार्यकर्ता नेतृत्व क्षमता विकसित करता है।

उन्होंने कहा कि यह महाभियान विचार व्यवहार और नेतृत्व तीनों स्तरों पर कार्यकर्ताओं को समृद्ध करेगा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'एकात्म मानववाद' को प्रेरणास्रोत बताते हुए उन्होंने कहा कि संगठन व्यक्ति से बड़ा और राष्ट्र सर्वोपरि है।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित और वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध कार्यकर्ता ही संगठन की वास्तविक शक्ति होते हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा के विकास का उल्लेख करते हुए उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

जिला प्रभारी कैप्टन भूपेंद्र ने 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य में नवाचार की भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रदेश सह संयोजक मदन गोयल ने 'पंच परिवर्तन' विषय पर सामाजिक समरसता, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्यों को राष्ट्र निर्माण का आधार बताया कार्यक्रम में जिला महामंत्री दया किशन जांगड़ा, रवि बराही दिनेश कौशिक सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पलवल नगर परिषद में 346 कर्मचारियों की होंगी भर्तियां

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पलवल, 26 फरवरी।** नगर परिषद पलवल के 127 वर्ष के इतिहास में पहली बार संसाधनों और मानवबल के स्तर पर व्यापक संरचनात्मक सुदृढ़ीकरण की दिशा में ऐतिहासिक पहल की गई है।

नगर परिषद के चेयरमैन डॉ. यशपाल के नेतृत्व में परिषद ने प्रशासनिक सुधार, आधुनिक मशीनरी विस्तार और मानव संसाधन सशक्तीकरण को एक साथ आगे बढ़ाते हुए 346 कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। मौजूदा समय में नगर परिषद में 250 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है। पलवल की जनसख्या के मुताबिक कर्मचारियों की यह संख्या काफी कम है, नगर परिषद के चेयरमैन डॉ. यशपाल काफी समय से कर्मचारियों की संख्या बढाने के लिए प्रयासरत थे।




उनका मानना है कि नगर परिषद की बेहतर व्यवस्था के लिए 700 कर्मचारियों की जरूरत है, इसके चलते इन पदों पर भर्ती करने का यह निर्णय लिया गया है। उनकी यह पहल नगर परिषद की जमीनी कार्यक्षमता को सुदृढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी।

हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड (॥यत्रह्नरु) के माध्यम से प्रस्तावित इस भर्ती प्रक्रिया में 08 ट्रैक्टर ड्राइवर, 02 जेसीबी ड्राइवर, 02 ट्रक माउंटेड एंटी-स्मॉग गन ड्राइवर, 02 सहायक सफाई निरीक्षक तथा 332 सफाई कर्मचारी शामिल हैं। इस संबंध में आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए फाइल स्वीकृति हेतु मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी के समक्ष प्रस्तुत की गई है।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में नगर परिषद पलवल द्वारा 10 ट्रैक्टर ट्रॉलियां, 02 बैकहो लोडर तथा 02 अत्याधुनिक एंटी-स्मॉग गन मशीनों की व्यवस्था की गई है।

### वर्ष 1898 में बना था नगर परिषद

डॉ यशपाल ने बताया कि वर्ष 1898 में पलवल में नगर परिषद बनाया गया। 15 अगस्त 2008 को पलवल को प्रदेश में 21 वां जिला बनाया गया। इसके बाद से यहा आबादी तेजी से बढती चली गई। बढते शहरीकरण के चलते नगर परिषद में संसाधनों की कमी खलती रही। लेकिन अब 127 वर्षों में पहली बार स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, निर्माण मलबा निष्पादन और वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए इस स्तर पर संसाधनों का विस्तार किया गया है। डॉ. यशपाल ने कहा कि नगर परिषद की कार्यप्रणाली को परिणाम आधारित और उत्तरदायी बनाना उनकी प्राथमिकता है। लंबे समय से स्टाफ की कमी के कारण कई व्यवस्थाएं अपेक्षित गति से संचालित नहीं हो पा रही थीं। नई भर्ती प्रक्रिया से वार्ड स्तर पर नियमित सफाई व्यवस्था, मशीनरी का बेहतर उपयोग, निगरानी तंत्र की मजबूती और समयबद्ध सेवा वितरण सुनिश्चित होगा। उन्होंने इस ऐतिहासिक कदम के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर तथा राज्यमंत्री गौरव गौतम का मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार के समन्वित समर्थन से ही स्थानीय निकायों को संस्थागत रूप से सशक्त बनाया जा सकता है, जिससे विकास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन संभव होता है और नागरिकों को बेहतर सेवाएं सुनिश्चित की जा सकती हैं। नगर परिषद के बाद अब पलवल में नगर निगम बनाने की तैयारियां भी शुरू हो गई है। चेयरमैन डा़ यशपाल ने बताया कि नगर निगम की तैयारियों को लेकर भी सर्वे चल रहा है।

## हरियाणा में 22 पर्यटन परिसरों में पांच दिवसीय रंगोत्सव कल से

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़ 26 फरवरी।** हरियाणा में पहली बार पर्यटन विभाग के 22 पर्यटक परिसरों में पांच दिवसीय रंगोत्सव 2026 का आयोजन किया जाएगा।

राज्य के पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने हरियाणा सिविल सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में पोस्टर जारी करते हुए बताया कि यह उत्सव 28 फरवरी से 04 मार्च तक आयोजित होगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पर्यटन विभाग जनता से जुड़ने के लिए लगातार नए प्रयास कर रहा है इस अवसर पर हरियाणा पर्यटन निगम के प्रबंध निदेशक पार्थ गुप्ता और महाप्रबंधक ममता शर्मा भी मौजूद रहे।

गुरुग्राम फरीदाबाद करनाल रोहतक और पंचकुला समेत विभिन्न जिलों के पर्यटन परिसरों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

रंगोत्सव के दौरान डीजे प्रस्तुतियां हरियाणवी कलाकारों के कार्यक्रम रेन डांस जोन ऑर्गेनिक रंग जोन बच्चों के लिए विशेष खेल क्षेत्र तथा फाग और रागिनी की लोक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र होंगी।

यह आयोजन हरयाणा टूरिज्म कारपोरेशन द्वारा सूरजकुंड पर्यटक परिसर, बडखल लेक अरावली गोल्फ कोर्स मैगपाई यादवेंद्र गार्डन पिंजौर तिल्यार रोहतक और कर्ण झील करनाल सहित विभिन्न स्थलों पर किया जाएगा।


विभाग ने जानकारी के लिए पोस्टर पर क्यूआर कोड भी जारी किया है।

# ऋषभ शेट्टी की 'जय हनुमान' में राणा दग्गुबाती की एंट्री!



**प्रशांत वर्मा के डायरेक्शन में बन रही 'जय हनुमान' फिल्म को लेकर एक दिलचस्प खबर आई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ऋषभ शेट्टी स्टारर इस फिल्म में राणा दग्गुबाती को कास्ट किया गया है।**

ऋषभ शेट्टी ने बीते साल 'कांतारा चैप्टर 1' से बॉक्स ऑफिस पर खूब धूम मचाई। मूल रूप से कन्नड़ में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में 852.36 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन किया। अब ऋषभ शेट्टी अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म 'जय हनुमान' की तैयारी में जुटे हुए हैं। बीते दिनों इसका फर्स्ट पोस्टर रिलीज हुआ, तो ऋषभ शेट्टी को बजरंग बली के अवतार में देखकर फैंस की बांछे खिल गई थीं। अब ताजा जानकारी ये आ रही है कि इस फिल्म में राणा दग्गुबाती की एंट्री हुई है! जी हां, रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि 'बाहुबली' के भल्लालदेव अब 'जय हनुमान' में एक अहम भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे। हालांकि, इसकी आधिकारिक घोषणा अभी नहीं हुई है। ऋषभ शेट्टी की 'जय हनुमान' साल 2024 की पौराणिक एक्शन ड्रामा ब्लॉकबस्टर 'हनु-मान' का सीक्वल है। रिपोर्ट के मुताबिक, राणा दग्गुबाती को इस सीक्वल में एक अहम रोल के लिए अप्रोच किया गया है। बातचीत आखिरी दौर में है। यदि सब कुछ ठीक रहा, तो राणा इसी साल मार्च या अप्रैल 2026 में इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर देंगे। 'जय हनुमान' को मैथरी मूवी मेकर्स, टी-सीरीज के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर प्रोड्यूस कर रही है। एक नई खबर यह भी है कि इस फिल्म को इसी महीने ऐतिहासिक शहर हम्पी में लॉन्च किया जाएगा। ऋषभ शेट्टी इस सीक्वल में भगवान हनुमान का रोल निभा रहे हैं। हालांकि, राणा दग्गुबाती का



## मार्च-अप्रैल में शुरू होगी शूटिंग

किरदार क्या होगा, इसको लेकर कोई जानकारी नहीं आई है।

### 2024 में तेजा सज्जा की 'हनु-मान' बनी थी ब्लॉकबस्टर

बीते साल 2025 में, मेकर्स ने 'जय हनुमान' का पोस्टर रिलीज किया था। यह डायरेक्टर प्रशांत वर्मा के 'प्रशांत वर्मा सिनेमैटिक यूनिवर्स' का अगला चैप्टर है। साल 2024 में तेजा सज्जा स्टारर उनकी फिल्म 'हनु-मान' ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता हासिल करते हुए वर्ल्डवाइड 295.29 करोड़ रुपये की ग्रॉस कमाई की थी।

### 'जय हनुमान' में ऋषभ शेट्टी की कास्टिंग ने बढ़ाई एक्साइटमेंट

बीते साल अक्टूबर की शुरुआत में, 'जय हनुमान' के मेकर्स ने ऋषभ शेट्टी का फर्स्ट-लुक पोस्टर रिलीज किया था। इससे पहले फिल्म की कास्टिंग को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई थी। ऐसे में जब पोस्टर आया और उसमें ऋषभ शेट्टी टाइटल रोल में दिखे तो सोशल मीडिया पर फैंस के बीच तहलका मच गया। फर्स्ट-लुक पोस्टर में वह एक खाली पड़े मंदिर में भगवान राम की मूर्ति के सामने घुटने टेकते हुए दिख रहे हैं।

### 'जय हनुमान' के बाद भगवान इंद्र पर फिल्म बनाएंगे प्रशांत वर्मा

डायरेक्टर प्रशांत वर्मा अपने 'प्रशांत वर्मा सिनेमैटिक यूनिवर्स' में पौराणिक कथाओं को सुपरहीरो अंदाज में पेश कर रहे हैं। वह 'हनु-मान' और 'जय हनुमान' के बाद भगवान इंद्र पर भी एक फिल्म बना रहे हैं, जिसमें एक्टर नंदमुरी बालकृष्ण के बेटे मोक्षग्न लीड रोल में होंगे।



# ऑपरेशन सिंदूर पर फिल्म बना रहे हैं विवेक अग्निहोत्री? निर्देशक ने तोड़ी चुप्पी

फिल्म 'कश्मीर फाइल्स' फेम निर्देशक विवेक अग्निहोत्री को लेकर ऐसी चर्चा है कि वे पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सशस्त्र बलों की तरफ से पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित फिल्म बनाने की तैयारी में हैं। ऐसी अफवाहों पर विवेक अग्निहोत्री ने चुप्पी तोड़ी है।

### ऑपरेशन सिंदूर पर फिल्म बनाने की अफवाहों पर क्या कहा?

पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 आतंकी हमला हुआ था इसके बाद भारतीय सेना की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया, जिसके तहत पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया था। कई मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि विवेक, टी-सीरीज के साथ मिलकर ऑपरेशन सिंदूर पर फिल्म बनाने वाले हैं। वहीं, इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, एक बातचीत में विवेक अग्निहोत्री ने इस टॉपिक पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि वे एक बड़े नेशनलिस्टिक प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने और डिटेल्स बताने से मना कर दिया।

### जल्द करेंगे बड़े प्रोजेक्ट का एलान

विवेक अग्निहोत्री ने ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित फिल्म बनाने संबंधी रिपोर्ट्स की पुष्टि करने या खारिज करने से मना करते हुए कहा, 'मैं किसी का नाम नहीं बता रहा हूं। मैं कह रहा हूं कि मैं एक बड़े नेशनलिस्टिक प्रोजेक्ट पर काम कर रहा हूं और मैं अपने समय पर इसका एलान करूंगा। यह बहुत बड़ा और बहुत ही दिलचस्प प्रोजेक्ट है।

### अफवाहों को न खारिज किया, न ही पुष्टि की

पिंकविला के मुताबिक, प्रोडक्शन हाउस के करीबी सूत्रों ने बताया, 'भूषण कुमार और विवेक अग्निहोत्री ने अपनी अगली फिल्म 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए हाथ मिलाया है। इसे टी-सीरीज और आई एम बुद्धा प्रोडक्शन के बैनर तले बनाया जाएगा। विवेक अग्निहोत्री इसके निर्देशन की जिम्मेदारी संभालेंगे। हालांकि, विवेक अग्निहोत्री से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने स्पष्ट रूप से कुछ नहीं बताया। उन्होंने न ही पुष्टि की, न ही खारिज किया। हालांकि, देखना दिलचस्प होगा कि निर्देशक ने अपने जिस अगले प्रोजेक्ट की बात की है, क्या वह इसी मुद्दे पर है या किसी और विषय पर फिल्म बना रहे हैं।



# साउथ से हूं इसलिए बुरा बर्ताव हुआ, नीचा दिखाया गया

**साउथ सिनेमा की मशहूर एक्ट्रेस रेजिना कैसेंड्रा ने साल 2019 में फिल्म 'एक लड़की को देखा तो ऐसा लगा' से बॉलीवुड डेब्यू किया था। मूल रूप से तेलुगू और तमिल फिल्मों में काम करने वालीं रेजिना इसके बाद 'जाट', 'केसरी चैप्टर 2' जैसी फिल्मों, ओटीटी पर 'राकेट बॉयज' और 'फर्जी' जैसी हिंदी वेब सीरीज में भी नजर आ चुकी हैं। लेकिन चेन्नई में पैदा हुईं 35 साल की रेजिना ने अब कुछ ऐसा कह दिया है, जो बॉलीवुड के फैंस को नागवार गुजरेगा। रेजिना कैसेंड्रा का कहना है कि साउथ इंडियन होने के कारण उन्हें बॉलीवुड में 'अपमानजनक व्यवहार' का सामना करना पड़ा। एक्ट्रेस का दावा है कि हिंदी फिल्मों के सेट पर उन्हें 'नीचा दिखाया गया।'**

बीते साल अजित कुमार की फिल्म 'विदामुयार्ची' में नजर आ चुकीं रेजिना कैसेंड्रा ने इंटरव्यू में कहा, 'मैं एक साउथ इंडियन एक्ट्रेस थी। ज्यादातर साउथ इंडियंस की तुलना में, मेरी हिंदी बहुत बेहतर है। मैं हिंदी पढ़, लिख और बोल सकती हूं, और मैंने अब तक इस भाषा में जो भी काम किया है, वह मेरी अपनी आवाज में है। यह मेरी अपनी हिंदी है, और मैंने हमेशा यह कोशिश की है कि मैं उस रोल पर खरी उतरूं जो मुझे दिया गया है। लेकिन हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में मुझे घर जैसा महसूस होने में समय लगा।' रेजिना कैसेंड्रा आगे हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को लेकर कहती हैं, 'बहुत से लोगों ने मेरे साथ बुरा बर्ताव किया। सिर्फ बातों से नहीं, बल्कि अपने काम से भी। यह मेरे लिए एक तरह का बुरा नजरिया है। मेरा मतलब है, कोई भी बता सकता था कि मुझे एक खास तरह से नीचा दिखाया जा रहा था। मैंने यह महसूस किया। इसलिए नॉर्थ में मुझे कुछ हिचकिचाहट थी। लेकिन, हमेशा ऐसा नहीं होता, है ना?'

### मेरे लिए अपनी फिल्में चुनना बहुत मुश्किल है

जब रेजिना कैसेंड्रा से पूछा गया कि इस तरह के हालात में भी उन्होंने 'केसरी चैप्टर 2', 'रॉकेट बॉयज', 'फर्जी' और 'जाट' जैसे प्रोजेक्ट्स पर काम किए हैं, तो वह बताती हैं, 'जब मैं लोगों के आस-पास होती हूं, तो मुझे लगता है कि वे मेरा वह पहलू देखते हैं, जिसमें मैं लगातार सीखती हूं। मैं जिस भी इंडस्ट्री में हूं, मैं किसी न किसी तरह उसे घर जैसा महसूस करती हूं। मुझे लगता है कि इस इंडस्ट्री में एक महिला होने के नाते, हमारे लिए स्टीरियोटाइप होना बहुत आसान है। मेरा मतलब है, यह सिर्फ इसलिए है क्योंकि आखिर में यह एक विजुअल मीडियम है, और एक बार जब आप कुछ देखते हैं, तो वह आपके दिमाग में बैठ जाता है। लेकिन मैं हमेशा वर्सेटाइल बनना चाहती थी। इसलिए, मेरे लिए अपनी फिल्में चुनना बहुत मुश्किल है, क्योंकि मैं हमेशा मेनस्ट्रीम कमर्शियल फिल्में नहीं करना चाहती।'

### महज 16 साल की उम्र से एक्टिंग कर रही हैं रेजिना कैसेंड्रा

रेजिना बताती हैं कि जब उन्होंने फिल्मों में एक्टिंग शुरू की, तब वह महज 16 साल की थीं, लेकिन अब जब वह 35 साल की हैं। वह कहती हैं, 'यह सुनने में बहुत वोक लग सकता है, लेकिन इस खास इंडस्ट्री में रहना और जिस तरह का काम मैं कर रही हूं, उसे करते हुए यह कहना कि ठीक है, चार दिन फ्लो के साथ चलते हैं और फिर पांचवें दिन इस पर सवाल नहीं उठाते, यह सच में इतना आसान नहीं है। मुझे लगता है कि मैं बहुत चिल इंसान हूं। लेकिन कभी-कभी आपके सबकॉन्शियस मन में, आप चीजों को पकड़कर रखते हैं। और, मेरे लिए ये वो सीख है जिन पर मैं इतने साल से भरोसा करती हूं। मुझे लगता है कि बचपन में, मैं इसे आसानी से कर पाती थी। कहीं न कहीं, मैं सीखी हुई चीजों को भूल रही हूं और सीख रही हूं, और यह प्रोसेस जारी है।'

# विजय सेतुपति की अगली फिल्म 'पॉकेट नॉवेल' में नजर आएंगी मालविका मोहनन



तमिल सिनेमा के मशहूर निर्देशक त्यागराजन कुमारराजा ने अपनी आगामी फिल्म का नाम 'पॉकेट नॉवेल' रखा है। हाल ही में इसकी आधिकारिक घोषणा हुई। इस फिल्म में विजय सेतुपति मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। निर्माताओं ने हाल ही में फिल्म 'पॉकेट नॉवेल' का पोस्टर जारी किया है, जिसमें विजय सेतुपति का आधा चेहरा दिखाई दे रहा है। बैकग्राउंस में पोस्टर का रंग लाल है, जिसकी वजह से यह पोस्टर और ज्यादा इंटेंस लग रहा है। फिल्म के पोस्टर के साथ निर्माताओं ने इस फिल्म की स्टार कास्ट के बारे में भी अहम जानकारी दी है।

### 'पॉकेट नॉवेल' की स्टार कास्ट

इस फिल्म में विजय सेतुपति मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में मालविका मोहनन और राज बी शेट्टी के अलावा किशोर भी एक अहम किरदार में नजर आएंगे। प्रोडक्शन कंपनी टायलर डर्डन एंड किंग फिस्ट ने सोशल मीडिया पर फिल्म का टाइटल पोस्टर जारी किया है। इसके साथ ही यह भी बताया कि सोमवार से शूटिंग शुरू हो चुकी है। पोस्टर के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'त्यागराजन कुमारराजा की फिल्म 'पॉकेट नॉवेल' की शूटिंग शुरू।'

### फिल्म 'पॉकेट नॉवेल' के बारे में

'पॉकेट नॉवेल' का संगीत इलैयाराजा तैयार कर रहे हैं। फिल्म की सिनेमैटोग्राफी की जिम्मेदारी नीरव शाह के कंधों पर है। इस फिल्म की कहानी और पटकथा एंड्रयू लुईस ने लिखी है। वहीं इस फिल्म के गाने युग भारती ने लिखें हैं। विजय की इस फिल्म की घोषणा से फैंस और सिनेमा प्रेमियों के बीच काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।





# बरुण सोबती ने ओटीटी को बताया गेम चेंजर; इंडस्ट्री पर कही ये बात




अभिनेता बरुण सोबती हाल ही में नेटफ्लिक्स की सीरीज 'कोहरा' के दूसरे सीजन में नजर आए हैं। सीरीज में उनके काम को काफी पसंद किया गया है। अब अभिनेता ने इंडस्ट्री में महिलाओं को लेकर बन रही फिल्मों और काम पर बात की। साथ ही उन्होंने महिलाओं के अधिकार को लेकर पुरुषों की इनसिक्योरिटी को लेकर बात करते हुए इसे एक आम समस्या बताया है।

### महिलाओं से ऑर्डर लेने में पुरुषों को होती है दिक्कत

बरुण ने 'कोहरा 2' को लेकर कहा कि सीरीज में दिखाया गया शक्ति समीकरण प्रोफेशनल जीवन में लोगों की असल सोच को दिखाता है। उन्होंने कहा कि यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप किस परिवार में पले-बढ़े हैं। लेकिन हां, यह एक आम धारणा है और हम इसे नकार नहीं सकते। स्पष्ट है कि पुरुषों को मजबूत महिलाओं से परेशानी होती है। उनसे आदेश लेना आज भी एक बड़ी बात है। यहां तक कि जब कोई महिला किसी बहस में अपनी बात मजबूती से रखती है, तो मैंने पुरुषों को असहज होते देखा है। मैं सभी पुरुषों की बात नहीं कर रहा हूं, लेकिन ज्यादातर मामलों में ऐसा ही होता है।

### ओटीटी ने बदल दीं चीजें

अपने करियर में ओटीटी की महत्वा पर बात करते हुए एक्टर ने कहा कि ओटीटी शो के सफल होने के बाद चीजें बदल गईं। इसकी शुरुआत 'असुर' से हुई। वह लोकप्रिय था, लेकिन 'कोहरा' के साथ बात बदल गई। कुछ शो आम लोग देखते हैं और कुछ शो सिर्फ इंडस्ट्री के लोग देखते हैं। 'कोहरा' को इंडस्ट्री के लोग देखते थे और तभी से मुझे ज्यादा काम मिलने लगा। स्ट्रीमिंग कंटेंट ने कई अभिनेताओं के लिए अवसर पैदा किए हैं। कोहरा ने मुझे एक नई पहचान दिलाई है।

### 'कोहरा 2' में हुई बरुण की तारीफ

बरुण सोबती 'कोहरा' के पहले सीजन में भी प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं। उनका किरदार दूसरे सीजन में भी उतना ही प्रमुख है। इस बार वो मोना सिंह के साथ प्रमुख भूमिका में हैं। सीरीज में दिखाया गया है कि मोना सिंह के किरदार से ऑर्डर लेने में उन्हें असहजता महसूस होती है, क्योंकि एक महिला उनकी बॉस है। 'कोहरा' के अलावा बरुण 'असुर' के दोनों सीजन में भी अहम भूमिका में नजर आए हैं।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com